हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, गुरुवार 15 मई 2025

11 दसवीं व बारहवीं की परीक्षा में अव्वल रहे विद्यार्थी सम्मानित



12 छुछकवास में अवैध रूप से बेची जा रही थी एमटीपी किट




# H.D. SR. SEC. SCHOOL

Salhawas (Jhajjar) | Affiliated to CBSE, Affiliation No. 530743)


Total Students- 175
95% or Above- 13
90% or Above- 44
80% or Above- 112

काम बोलता है - रमेश गुलिया

## CBSE Result XII Class (2024-25)

Economics - 100
Music - 100
Biology - 99
Chemistry - 99
Geography - 99
Pol. Science- 99

### ARTS



BHAVISHYA 98.2% | SHEETAL 97.4% | PAREE 96.8%

### COMMERCE



SHAGUN 97.2% | KHUSHI 96% | BHAWANA 95.8%

### SCIENCE NON MEDICAL



HEMANT 96.4%

### SCIENCE MEDICAL



TANNU 96.4%



SAHIL 95.6% | KUNAL 95.2% | PAYAL 95% | DISHANT 95% | LAVI 95% | AKASH 94.4% | ANCHAL 93.6% | SEENA 93.6% | NISHA 93.6% | JATIN 93.2% | JATIN 93.2% | AADITYA 93%



ARYAN 92.8% | ANUJ 92.8% | PRIYANKA 92.8% | NEHA 92.6% | DEEPANSHU 92.4% | APEKSHA 92.4% | RIYA 92.4% | ANKIT 92.2% | ANJU 92.2% | TUSHAR 92% | PRIYANKA 91.6% | AYAN 91.2%




ANNU 91.2% | BHOOMIKA 91% | TARUN 90.8% | REEVA 90.6% | JYOTI 90.6% | SAGAR 90.2% | NIKHIL 90.2% | RITIK 90% | NIKITA 90% | YOGITA 90% | PIYUSH 90% | JATIN 90%

## CBSE Result X Class (2024-25)

Total Students- 185
95% or Above- 12
90% or Above- 40
80% or Above- 80

Maths- 100
Science- 99
S.S.- 99
Hindi- 98 IT- 98



ANKITA 98.4% | DURGANANDINI 98.4% | PARI 97.2% | HEMANT 96.8%

# ADMISSION OPEN
for Session 2025-26

8053182748
9416056085

www.hdsalhawas.co.in | Email: hdschool.salhawas@gmail.com

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। वैश्य कॉलेज में सेमेस्टर परीक्षाएं देती छात्राएं।

### शांतिपूर्वक चल रही सेमेस्टर परीक्षाएं

**बहादुरगढ़।** शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में एमडीयू द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार 9 मई से परीक्षाएं आरंभ हो चुकी हैं। परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए चाक-चौबंद प्रबंध किए गए हैं। प्राचार्या डॉ राजवंती शर्मा ने बताया कि स्नातक प्रथम स्तर की परीक्षाओं को छोड़कर अन्य सभी कक्षाओं की परीक्षाएं 9 मई से प्रारंभ हो चुकी हैं। इसके लिए कड़े प्रबंध किए गए हैं। परीक्षाएं दो चरणों में आयोजित की जा रही है। प्रतिदिन परीक्षाओं के निरीक्षण के लिए विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त उड़नदस्तों द्वारा औचक निरीक्षण किया जाता है।



झज्जर। खेलो इंडिया के विजेता खिलाड़ी के साथ कोच हितेश देशवाल।

### खेलो इंडिया गेम्स में मुक्केबाजों ने जीते पदक

**झज्जर।** बिहार में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में जिले के मुक्केबाजों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। स्थानीय महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम में अभ्यास करने वाले इन खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीते। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि इस दौरान हेमंत सांगवान, मौसम सुहाग और गौरव कादियान ने स्वर्ण पदक प्रदेश का नाम रोशन किया। जहां दीपांशु गुलिया ने रजत पदक हासिल किया वहीं महिला वर्ग में अंजलि ने कांस्य पदक जीता।

### आईटीआई में होगा युवा जागरूकता सेमिनार

**बहादुरगढ़।** युवा कार्यक्रम एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा के युवा मामलों के तहत जिले के सभी ब्लॉकों में 12 से 16 मई तक खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट जागरूकता को लेकर सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहादुरगढ़ में बुधवार 15 मई को खाद्य पदार्थों में मिलावट के प्रति जागरूकता के लिए सेमिनार आयोजित किया जा रहा है। प्रधानाचार्या गीता आर सिंह ने बताया कि इसमें प्रदेश के ग्रामीण अंचल में सक्रिय युवा क्लबों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।



गीता आर सिंह

### शिविर में 150 लोगों ने उठाया स्वास्थ्य लाभ



झज्जर। शिविर के दौरान स्वास्थ्य लाभ उठाने पहुंचे लोग एवं चिकित्सक।

**झज्जर।** शहर के छावनी मौहल्ला स्थित शिव-हनुमान मंदिर में आयुष विभाग की ओर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर की शुरूआत भगवान धन्वंतरि को पुष्पार्पित कर उनकी पूजा-अर्चना के साथ की गई। सामाजिक संस्था सेवा भारती द्वारा आयुष विभाग के सहयोग से लगाए गए इस शिविर में करीब डेढ़ सौ लोगों ने जांच कराई। शिविर में चिकित्सा सेवा देने वाली पंचकर्म विशेषज्ञ डॉक्टर ज्योति ने बताया कि शिविर में अधिकांश लोगों को घुटनों में दर्द, गैस, अपच की समस्या रही जिन्हें निःशुल्क दवाइयां भी दी गईं। इस मौके पर रमेश सैनी, बलराज सिंघल, दीपक कुमार, एडवोकेट अजय कुमार, नवीन कुमार, करण, मंदिर कमेटी प्रधान जितेद्र सैनी, मगंल सैनी, डॉक्टर सुनील कुमार, मनोज कुमार सैनी, प्रवीन सैनी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

पुजारी अशोक अत्री के नेतृत्व में किया आयोजन

# भदाना गांव के मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव भदाना स्थित शिव मंदिर में रामायण पाठी सदस्यों द्वारा ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार के उपलक्ष्य में सुंदरकांड का संगीतमय पाठ किया गया।

पुजारी अशोक अत्री के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में आचार्य धर्मेंद्र शर्मा, गोपाल शर्मा, अमित शर्मा व भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा ने सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया।

इस दौरान गोपाल शर्मा व अमित शर्मा ने चौपाइयों का सुंदर तरीके से गान किया। अमित शर्मा ने बताया कि प्रत्येक शनिवार व मंगलवार को शिव मंदिर भदाना में सुंदरकांड का पाठ किया जाता है। इस पाठ का उद्देश्य सभी जनमानस को रामचरितमानस के महत्व से अवगत कराना व समाज में सुख-शांति कायम करना है।



झज्जर। सुंदरकांड पाठ का श्रवण करते हुए श्रद्धालु।

बाबा कांशीगिरी मंदिर में कार्यक्रम

# श्याम तेरे दर्शन बिना, दिल मेरा कहीं चैन ना पाए.. भजन पर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

## 251 वें सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बाबा कांशीगिरी मंदिर में 251 वां सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुंदरकांड वाचक योगेश रंजन,पवन कौशिक, देवेश शर्मा, भारत भूषण नंदा, दिनेश दुजाना, राजेंद्र वधवा, आनंद कुमार, दीपक धीमान, रवि यादव, हर्ष चावला, शिवम तनेजा, कमल लता शर्मा, आशा नागपाल, सुमन वधवा, प्रिया तनेजा, भावना काठपालिया, आशू, प्रिंस सेठी, वीना वर्मा, शांति कटारिया, विशन वधवा, संतोष हंस, शीला देवी चुघ, नारायणी सरदाना, नीलम गाबा, विनोद भूटानी, रमेश लखेरा, उमंग खुराना, अशोक सलूजा, सुरेश गाबा सहित श्रद्धालुओं ने संगीतमयी श्री सुंदरकांड पाठ का सामूहिक गायन किया। दिनेश दुजाना ने शाम आ गई जिंदगी की, श्याम ना आए, दर्शन बिना दिल मेरा कही चैन ना पाए..राजेंद्र वधवा ने तेरे भक्तों के जीवन कन्हैया तेरी रहमत से रोशन हुए है..वरना है दुनिया में कौन किसका यहां अपने पराए हुए है..भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।



झज्जर। बाबा कांशीगिरी मंदिर में भजनों का आनंद लेते श्रद्धालु।

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर वेद बहल पाशु, पदम खट्टर, वी के शर्मा, गणपत राय वर्मा, प्रदीप काठपालिया, सतीश चुघ, हर्ष कौशिक, कैलाश वर्मा, विकास नरुला, वीरेंद्र वर्मा, अमित नागपाल, रुद्र कौशिक, भवित वर्मा, निखिल सलूजा, जय प्रकाश गुप्ता सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर कर्मचारी एकजुट

# नपा कर्मचारियों की 16 को हड़ताल की चेतावनी, झाड़ू-प्रदर्शन कर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने दूसरे दिन भी सरकार के खिलाफ झाड़ू प्रदर्शन किया। इस दौरान दोपहर करीब एक बजे सफाई कर्मचारी स्थानीय यादव धर्मशाला के सामने एकत्रित हुए बाद में झाड़ू प्रदर्शन करते हुए नगर परिषद कार्यालय पहुंचे। सफाई कर्मचारी यूनियन के इकाई प्रधान शिवम चावरिया ने बताया कि यदि प्रदेश सरकार ने नगर पालिका कर्मचारी संघ के साथ हुए समझौते को लागू नहीं किया तो कर्मचारी आगामी 16 मई को भूख हड़ताल करने पर मजबूर होंगे। इसके बाद वे आगामी बीस मई को होने वाली राष्ट्रीय व्यापी हड़ताल में भागीदारी कर अपने लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन करेंगे। उनकी मुख्य मांगों में कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, ठेका प्रथा समाप्त करना, पुरानी पेंशन बहाल करना, न्यूनतम वेतन 27 हजार रुपये लागू करना, मानी गई मांगों के पत्र जारी करना, सरकार द्वारा कच्चे कर्मचारियों व सीवर मैन को पक्का करने के संबंध में जो पत्र जारी किया था उस पर कार्रवाई करना, गुरुग्राम के हटाए हुए 3480 कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापस लेना, कर्मचारी की मृत्यु होने पर 20 लाख रुपये व उसके परिवार को पक्की नौकरी देना, जोखिम भत्ता पांच हजार रुपये, सेवानिवृत्ति पर दस लाख रुपये का लाभ देना आदि शामिल है। इस मौके पर इकाई सचिव विकास उज्जैनवाल, इकाई कैशियर गौरव, मुकेश दरोगा, ऑडिटर कृष्ण, नवीन, योगेश, राहुल, सज्जन, चिराग, रवि, गोपाल, सुमित, सोमजीत, कमलेश, बबली, शीतल, अंजू, किरण, बिमला, सोनिया, उषा, सरोज, राजो, सुनीता, विद्या सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। नगर परिषद कार्यालय परिसर में झाड़ू प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी।

### डीसी ने सफाई कर्मियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के दिए निर्देश



झज्जर। बैठक के दौरान दिशा निर्देश देते डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

**झज्जर।** बुधवार को मैनुअल सिक्वेंजर अधिनियम के अंतर्गत डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में सतर्कता व निगरानी कमेटी की बैठक हुई। बैठक के दौरान डीसी ने मैनुअल सिक्वेंजर अधिनियम की कड़ाई से पालना के लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मैनुअल सिक्वेंजर अधिनियम किसी भी व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सिद्ध होने वाली सीवरेज और सेप्टी टैंक की सफाई कार्य बिना सुरक्षा उपकरणों तथा सरकार द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों के बिना करवाना निषेध करता है। ऐसी कंपनी, विभाग या संस्था जो कि सीवरेज लाइनों की सफाई का कार्य करवाती है, वे इस अधिनियम के तहत दोषी मानी जाएगी। उन्होंने सफाई कर्मियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।



बहादुरगढ़। शहर में प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## मांगों को लेकर दूसरे दिन भी कर्मचारियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

मांगें पूरी न होने से सफाई कर्मचारियों में सरकार के प्रति नाराजगी है। लगातार दूसरे दिन सड़क पर उतरकर कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

अब कर्मचारियों द्वारा 16 मई को क्रमिक भूख हड़ताल की जाएगी। बुधवार की सुबह इंदिरा पार्क में कर्मचारी इकट्ठे हुए। यहां अपनी मांगों पर मंथन करने के बाद कर्मचारियों ने झाड़ू प्रदर्शन शुरू किया। कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की और विभिन्न मार्गों से होते हुए यह प्रदर्शन नगर परिषद के गेट पर संपन्न हुआ। नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य संगठनकर्ता राजपाल ने कहा कि सरकार ने सात अगस्त 2024 को पालिका कर्मियों तथा चार अप्रैल 2024 को फायर कर्मचारियों के साथ हुए समझौते लागू नहीं किए हैं। इस वजह से कर्मचारियों में रोष है। सरकार को समझौते लागू करने के साथ साथ सीवर मैन और सफाई कर्मियों की पक्की भर्ती करनी चाहिए। ठेका प्रथा बंद और पुरानी पेंशन बहाल की जाए। अगर सरकार समझौतों को लागू कर मांग पूरी नहीं करती है तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। फिलहाल दो दिन का प्रदर्शन किया गया है। अब 16 मई को भूख हड़ताल तथा 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी। जिला प्रधान राजेंद्र, बहादुरगढ़ इकाई प्रधान राजेश, सचिव अमित परनाला, कैशियर मुकेश, वरिष्ठ उप प्रधान लीलाराम, उप प्रधान अजय, उप प्रधान सपना, सह सचिव मुनिया दरोगा, मुख्य दरोगा वेदपाल, सहित काफी कर्मचारी इस प्रदर्शन में शामिल थे।

# बहादुरगढ़: कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ डीसी ने सफाई कर्मियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के दिए निर्देश

नगर परिषद में ठेके के अधीन कार्यरत सफाई कर्मचारियों की हड़ताल बुधवार की दोपहर को समाप्त हो गई।

अधिकारियों से सप्ताहभर में वेतन संबंधित समस्या के समाधान का आश्वासन मिलने पर कर्मचारी धरने से उठे हैं। दरअसल, ठेकेदार के अधीन कार्यरत इन सफाई कर्मचारियों का दो महीने का वेतन बकाया है। इसके अलावा ये साप्ताहिक अवकाश की भी मांग उठा रहे हैं। इस वजह से मंगलवार को इन्होंने नगर परिषद के गेट पर धरना दे दिया था। दूसरे दिन बुधवार को भी ये हड़ताली कर्मचारी धरने पर बैठे और अपनी मांग उठाई। दोपहर को अधिकारी धरना स्थल पर आए व कर्मियों से बातचीत की।

### कर्मियों ने सहमति जताई

अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। कर्मचारी नेता राजपाल का कहना है कि कमेटी सचिव व एसआई ने अगले मंगलवार तक वेतन संबंधित समस्या हल करने का आश्वासन दिया है। जिस पर कर्मचारियों ने सहमति जताते हुए काम पर लौटने का निर्णय लिया है। कर्मचारियों का कहना है कि इस समस्या का स्थाई समाधान होना चाहिए।



बहादुरगढ़। नगर परिषद के गेट पर धरनारत सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## प्रशिक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता : पूनिया

**झज्जर।** बुधवार को ब्लॉक स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय साल्हावास में जिला परियोजना समन्वयक रतिंदर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सभी क्लस्टर प्रमुखों, एबीआरसी और बीआरपी ने भाग लिया। जिला समन्वयक निपुण डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने मासिक समीक्षा बैठक के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कक्षा तत्परता कार्यक्रम के आंकड़े , दूसरे चरण के लिए स्किल पासबुक अपडेट और बालवाटिका कक्षाओं में नामांकन पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में सुधार से शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा मिलेगा और सभी मेंटर्स से आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रम पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया, जो गुरुग्राम में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है। यह शिक्षकों और मेंटर्स के कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बैठक के दौरान निपुण कार्यक्रम से संबंधित अन्य गतिविधियों की प्रगति पर भी चर्चा की गई। सभी प्रतिभागियों ने शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और बच्चों के सीखने के स्तर को बेहतर बनाने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। जिला परियोजना संयोजक ने सभी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही शिक्षा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए जा सकते हैं।





झज्जर। सोशल डिफेंस को लेकर लिंक और क्यूआर कोड जारी करते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

## उपायुक्त ने सिविल डिफेंस टीम झज्जर से जुड़ने को किया क्यूआर लिंक और क्यूआर कोड लांच

**झज्जर।** बुधवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने सिविल डिफेंस टीम झज्जर से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड और लिंक जारी किया। उन्होंने जिलावासियों से कहा कि समाज की सुरक्षा प्रशासन और पुलिस के साथ-साथ नागरिकों की भागीदारी से बेहतर तरीके से होती है। आपदा के समय सभी का दायित्व बनता है कि हम एक टीम के रूप में कार्य करें ताकि आपदा के दौरान नुकसान कम से कम हो। कैसे जुड़े सिविल डिफेंस टीम झज्जर से :अपने फोन से क्यूआर कोड स्कैन करके या फिर लिंक कॉपी करके अपने फोन या कंप्यूटर पर अपने बारे में जरूरी सूचना भरकर पंजीकरण करा सकते हैं। यह क्यू आर कोड, जिला की वेबसाइट, झज्जर डीसी फेसबुक, झज्जर डीसी एक्स हैंडल, डीआईपीआरओ झज्जर के एक्स हैंडल और फेसबुक पेज पर उपलब्ध है। इसके अलावा नोडल अधिकारी आईटीआई झज्जर एट गुढ़ा के प्रिंसिपल जीतपाल, जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक बोर्ड सचिव, सेवानिवृत विंग कमांडर सुनील कुमार और रेडक्रॉस सचिव देवेंद्र चहल नोडल अधिकारी से संपर्क करके जुड़ सकते हैं। सिविल डिफेंस टीम झज्जर से जुड़ने वाले सभी पंजीकृत वालिंटियर्स को ट्रेनिंग दी जाएगी।



महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## आरपीएस का सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम में आरपीएस संस्था के 10वीं कक्षा के 1212 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक एवं 12वीं कक्षा के 572 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

आरपीएस के कक्षा 10वीं में ध्रुव सिंगरोहा 99.60 प्रतिशत, गार्गी दलाल ने 99.40 प्रतिशत व रिशिका, अमीषी, वसुंधरा, वंदिता, सुहानी, लक्षिता ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता का शिखर छुआ तो वहीं 12वीं कक्षा के अनुष्का रॉय व पर्व ने 99, हर्षिता यादव ने 98.8 प्रतिशत, पवन ने 98.6 प्रतिशत, वैष्णवी पाण्डेय 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी सर्वश्रेष्ठता की अमिट छाप छोड़ी। आरपीएस संस्था सीईओ इंजि. मनीष राव ने बताया कि कक्षा 10वीं के 8 विद्यार्थियों ने 99 प्रतिशत से अधिक, 77 विद्यार्थियों ने 98 प्रतिशत से अधिक, 169 विद्यार्थियों ने 97 प्रतिशत से अधिक, 284 विद्यार्थियों ने 96 प्रतिशत से अधिक, 434 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक एवं 1212 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर सीबीएसई बोर्ड के परीक्षा परिणामों में पूरे विश्व में आरपीएस की सर्वश्रेष्ठता की झलक बिखेरी तो, वहीं कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में आरपीएस के 19 विद्यार्थियों ने 98 प्रतिशत से अधिक, 61 विद्यार्थियों ने 97 प्रतिशत से अधिक, 95 विद्यार्थियों ने 96 प्रतिशत से अधिक, 147 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक, 572 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर पूरे देश में अभिभावकों एवं शिक्षकों का नाम रोशन किया।

आरपीएस ग्रुप ने साबित कर दिखाया कि जेईई-आईआईटी, सीएस, ओलम्पियाड एवं सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के अलावा सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में बेहतरीन परिणामों की खान है।

खुशी | शहर के चम्पा गार्डन में महिला जागरूक्ता को लेकर कार्यक्रम का आयोजन

# बेटियों के जन्म पर खुशियां मनाने का आह्वान

■ बेटी के जन्म पर किया कुआं पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से शहर के चम्पा गार्डन में महिला जागरूक्ता को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इनेलो पार्षद मोहित राठी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान बेटी जन्म पर कुआं पूजन भी कराया गया।

कार्यक्रम में महिलाओं बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के लिए जागरूक किया गया। पार्षद मोहित राठी ने कहा कि आज लड़के व लड़कियों में कोई अंतर नहीं है। आज हमारी बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़कर अपने परिवार व देश का नाम रोशन कर रही है। हमें लड़कों के जन्म की भांति बेटियों के जन्म पर भी खुशियां मनानी चाहिए। महिलाओं को पोष्टिक भोजन करना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को संतुलित भोजन का सेवन करना चाहिए। सुमित्रा सुपरवाइजर ने बेटा व बेटी के जन्म पर समान उत्सव मनाने और मां-बच्चे को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के बारे में जानकारी दी।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में माताओं को सम्मानित करते पार्षद मोहित राठी। फोटो : हरिभूमि

### सेल्फी विद डॉटर कार्यक्रम आयोजित

इस दौरान सेल्फी विद डॉटर कार्यक्रम भी हुआ। कार्यक्रम में सीमा, मनीषा, ममता, रेणु, कविता, राजेश आदि मौजूद रही। बेटियों की माताओं को डब्ल्यूसीडीपीओ की ओर से उपहार भी प्रदान किए गए। जबकि एलटी रेखा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं के खून की जांच भी की गई।

## दसवीं व बारहवीं का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

# होनहार विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

कैंब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदाना का दसवीं व बारहवीं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। प्रार्थना सभा के दौरान परीक्षा परिणामों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय तथा मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को निदेशक धर्मेंद्र जून द्वारा मिठाई खिलाकर बधाई दी। धर्मेंद्र जून ने बताया कि 12वीं कक्षा की विज्ञान संकाय की छात्रा शांति ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में मधु व कला संकाय में विधि को प्रथम आने पर बधाई दी गई।

दसवीं कक्षा में छात्रा जिज्ञासा 94 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम रही। जबकि छात्रा साक्षी द्वितीय व पूर्वा तृतीय रही। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्य विनोद कुमार, कोर्डिनेटर प्रियंका शर्मा, एचओडी सोनिया, सोनू, अनीता, रितु जून, ज्योति यादव, संगीता सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। होनहार विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए निदेशक धर्मेंद्र जून। फोटो: हरिभूमि

### कैंब्रिज स्कूल बिरड़ का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

झज्जर। कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल बिरड़ का बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल प्रबंधक बिमला यादव ने बताया कि छात्रा अनुज ने संगीत में 100 अंक, भौतिक विज्ञान व जीव विज्ञान में 85 अंक, शारीरिक शिक्षा में 90, सानिया ने संगीत में 100 अंक, फिजिकल एजुकेशन में 87, नेहा ने संगीत में 100 अंक, फिजिकल एजुकेशन में 90 अंक प्राप्त किए किए। दीपिका ने संगीत में 90 अंक, फिजिकल एजुकेशन में 85, हिंदी में 92 अंक प्राप्त किए। अजय ने संगीत में 86 अंक, हिंदी में 80 अंक प्राप्त किए। सारिका ने राजनितिक विज्ञान में 82 अंक, फिजिकल एजुकेशन 84, अंग्रेजी में 82 अंक प्राप्त किए। कुशाल ने संगीत में 85 अंक प्राप्त किए। विपिन ने 85 अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार दसवीं में मुस्कान ने गणित 93 अंक, संगीत में 91, हिंदी में 85, विज्ञान में 86 अंक प्राप्त किए। कोयल ने गणित में 94 अंक, हिंदी में 98 अंक, विज्ञान में 89, संगीत में 88 अंक प्राप्त किए। जबकि आयुषी ने सामाजिक विषय में 92, हिंदी व संगीत में 90 अंक हासिल किए। नितेश ने संगीत में 88 अंक, तन्नू ने संगीत में 85 अंक, ईशा ने अंग्रेजी में 86, सामाजिक विज्ञान व संगीत में 85 अंक प्राप्त किए।



बहादुरगढ़। प्रिंसिपल व शिक्षकों के साथ निलोठी स्कूल की छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

## बेहतर परीक्षा परिणाम लाने पर छात्राएं सम्मानित

बहादुरगढ़। गांव निलोठी स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के 12वीं कक्षा की छात्राओं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। स्कूल की 5 छात्राओं ने मेरिट सूची में जगह बनाई। रेणु ने 89.2, वंशिका 88, तनिशा 83.8, खुशी 82.4, तमन्ना 81.2, सरगम 71.4, नैंसी 70.4 तथा शीतल 70.2 फीसद अंक प्राप्त किए हैं। प्रिंसिपल विजय खत्री ने छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रवक्ता रीना राठी द्वारा छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। वहीं बेहतर परिणाम आने पर शिक्षकों का भी धन्यवाद किया।

## मॉडर्न की वंशिका को मिले 98 प्रतिशत अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के मॉडर्न स्कूल ने सीबीएसई की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर इतिहास दोहराया है। कक्षा 12वीं की छात्राओं ने 96 प्रतिशत अंक हासिल कर कीर्तिमान रचा तो 10वीं की छात्रा वंशिका ने 98 प्रतिशत अंक हासिल करके इतिहास रच दिया। मॉडर्न स्कूल बहादुरगढ़ का कक्षा 10वीं का वार्षिक परिणाम शत-प्रतिशत रहा। साथ ही 53 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की। काजल ने 96 प्रतिशत के साथ दूसरा स्थान तथा सलौनी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही। अर्णव पाण्डेय ने अंग्रेजी में 99 अंक, हिन्दी विषय में वंशिका ने 95 अंक, गणित में 98 अंक, काजल ने सामाजिक विज्ञान में 97 अंक तथा वंशिका ने विज्ञान विषय में 95 अंकों की उपलब्धि रही। स्कूल निदेशक राकेश कोच ने बच्चों को इस उपलब्धि के लिए प्रोत्साहित किया। मॉडर्न स्कूल अपनी बेटियों को संस्कारी, बलवान व सुरक्षित बनाने के लिए कटिबद्ध है। प्रधानाचार्य अरूणेश कुमार, उप-प्रधानाचार्या सरिता कुमारी, प्रमिला मलिक ने उपस्थित छात्रों व अभिभावकों को बधाई व शुभकामनाएं दी।



बहादुरगढ़। टॉपर स्टूडेंट्स को प्रोत्साहित करते मॉर्डन स्कूल का स्टॉफ।

## खरहर स्कूल में सतीश रहा प्रथम

बहादुरगढ़। गांव खरहर के राजकीय स्कूल के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बारहवीं कक्षा में सभी 33 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इनमें 13 ने मेरिट सूची में नाम दर्ज करवाया। जबकि 16 प्रथम श्रेणी में पास हुए। प्राचार्या रीतू चोपड़ा ने बताया कि 88 प्रतिशत अंकों के साथ सतीश पहले, 86 प्रतिशत के साथ तनु दूसरे और 83 प्रतिशत अंकों के साथ सागर तीसरे नंबर पर रहा। ब्लॉक समिति सदस्या सतीश राठी ने ग्रामीणों के साथ स्कूल पहुंचकर टॉपर स्टूडेंट्स का उत्साह बढ़ाया। मेहनती स्कूल स्टॉफ को भी बधाई दी।



बहादुरगढ़। उत्कृष्ट छात्रों के साथ स्कूल स्टॉफ व आशीष राठी। फोटो: हरिभूमि



झज्जर। विद्यार्थियों के साथ विजय चिन्ह बनाते हुए निदेशक राजीव दलाल व अन्य। फोटो: हरिभूमि

## कला संकाय में कीर्ति व विज्ञान संकाय में निखिल रहा प्रथम

झज्जर। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में संस्कार स्कूल छारा के विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। छात्रा कीर्ति ने कला संकाय में 500 में से 468 अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया जबकि खुशी ने द्वितीय व हिमांशु ने तृतीय स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय में निखिल, विकास व तुषार क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय रहे। शेष सभी विद्यार्थी 70 से 80 प्रतिशत तक अंक लेकर उत्तीर्ण हुए। स्कूल निदेशक राजीव दलाल ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



बहादुरगढ़। स्कूल स्टॉफ के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी।

## मेरिट में आई डाबोदा की 4 छात्राएं

बहादुरगढ़। गांव डाबोदा कलां के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का सीनियर सेकेंडरी परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम रहा। स्कूल की 4 छात्राएं मेरिट में शामिल रही। हेना ने 86 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में टॉप किया। दूसरे नंबर पर पायल, नैंसी और तीसरे नंबर पर सुजाता रही। प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते कहा कि यह परिणाम छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का फल है।

## गर्ल्स स्कूल की 67 छात्राओं ने हासिल की मेरिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहादुरगढ़ की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय की कुल 236 छात्राओं में से 206 छात्राएं उत्तीर्ण रहीं। कुल 67 छात्राओं ने मेरिट हासिल की।

प्राचार्य प्रवीन ने बताया कि विज्ञान संकाय की दक्षिता ने 442, अंकिता ने 425 और पूजा सोनी ने 420 अंक प्राप्त किए। वाणिज्य संकाय की सुभीक्षा ने 476, रंजू ने 459 व मेघा ने 444 अंक हासिल किए। कला संकाय में शिवानी ने 455, पूजा ने 443 व पूजा ने 438 अंक प्राप्त किए।

प्राचार्य प्रवीन ने बताया कि वाणिज्य संकाय में शत-प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण रही। स्कूल का ओवरऑल परीक्षा परिणाम 95.7 फीसदी रहा है। टॉपर छात्राओं को ट्रॉफी प्रदान की गई। उन्होंने मिठाई खिलाकर छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण के तहत हिमाचल प्रदेश में आयोजित कैंप में 8 छात्राओं ने भाग लिया। मंजू बंसल तथा रीना ने बेसिक कोर्स का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इन्हें भी प्रमाण पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया।



बहादुरगढ़। टॉपर छात्राओं के साथ प्रिंसिपल प्रवीण व अन्य शिक्षिकाएं। फोटो: हरिभूमि



बहादुरगढ़। टॉपर छात्रों को सम्मानित करते डीएवी स्कूल के प्रिंसिपल।

## डीएवी में टॉपरों को किया सम्मानित

बहादुरगढ़। डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में वार्षिक परीक्षा परिणाम में टॉप रहे विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य राजदीप कुलश्रेष्ठ ने बताया कि कक्षा 12वीं में विद्यालय के 187 विद्यार्थी और कक्षा 10वीं में 179 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे और हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। उन्होंने कहा कि यह परिणाम छात्रों की मेहनत, शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।



बहादुरगढ़। त्रिवेणी स्कूल के होनहार छात्रों के साथ स्टॉफ। फोटो: हरिभूमि

## त्रिवेणी स्कूल में विद्यार्थियों को किया सम्मानित

बहादुरगढ़। शहर के त्रिवेणी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दसवीं व 12वीं कक्षा का परिणाम गत वर्ष की भांति शत प्रतिशत रहा। स्कूल निदेशिका संगीता वर्मा और स्कूल प्राचार्य अनिल कुमार ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया करते हुए उन्हें बधाई दी।

## शत-प्रतिशत रहा जूपिटर स्कूल का रिजल्ट

बहादुरगढ़। सीबीएसई के 12वीं व 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में रोहद स्थित जूपिटर पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। बारहवीं के सांइस में चंचल ने प्रथम, प्रिया ने द्वितीय और योगिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स में सिद्धार्थ ने प्रथम, तनिषा ने द्वितीय और अनुष्का ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आर्ट्स में अंशिका ने प्रथम, हिमांशी ने द्वितीय व साक्षी व धैरवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल के 27 विद्यार्थियों ने मेरिट लाकर स्कूल का नाम रोशन किया। दसवीं कक्षा में महक ने प्रथम, मुस्कान ने द्वितीय व अंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 14 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की। स्कूल निदेशक राजकुमार रुहिल व प्राचार्य राजपाल सिंह सनवाल ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सार्थक समिति ने बच्चों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सार्थक सेवा समिति ने लाइनपार स्थित अंबेडकर भवन में चल रहे विद्यालय में जाकर टॉपर विद्यार्थियों को टिफिन बॉक्स और पानी की बोतलें आदि भेंट कर प्रोत्साहित किया। सभी बच्चों, स्टाफ और अभिभावकों को भी बिस्कुट के पैकेट्स वितरित किए। छोटे बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियां देते हुए सबका मन मोह लिया। समिति महासचिव वजीर सिंह दहिया ने समिति के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

समिति अध्यक्ष एनएस कपूर ने स्वरचित कविता सुनाकर बच्चों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में प्रधान उमेद सिंह, मदन चौपड़ा, आनंद सिंह तोगड़िया, रामभगत चहल, एसएम पाल, हरिचंद रोझा, आरके वशिष्ठ, आरके तहलान, ज्ञान सिंह सैनी, कमलजीत व धर्मेंद्र सैनी आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। अंबेडकर भवन में बच्चों के साथ समिति सदस्य। फोटो: हरिभूमि



बहादुरगढ़। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ शैलजा जून। फोटो: हरिभूमि


## जीडी गोयनका में विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

एचएल सिटी स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं के साथ ही 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। स्कूल निदेशिका शैलजा जून ने बताया कि 12वीं की छात्रा वंशिका को आई-पैड व 10वीं की छात्रा अंजलि को स्कूल की तरफ से सिंगापुर की यात्रा का उपहार दिया गया।

स्कूल निदेशिका शैलजा जून ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। वहीं भविष्य में बेहतरीन प्रदर्शन की प्रेरणा देने के लिए स्कूल की तरफ से बच्चों को सम्मानित भी किया गया। आर्ट्स की वंशिका ने 95 प्रतिशत अंक अर्जित करके स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय के सक्षम राठी व वाणिज्य संकाय में कार्तिक ने स्कूल में टॉप किया।

दसवीं में ईशान जैन ने 97.2 प्रतिशत अंक अर्जित करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल के 25 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्या ने इसे विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल बताया। विद्यार्थियों व अभिभावकों ने भी स्कूल प्रशासन की भूरि भूरि प्रशंसा की।



बहादुरगढ़। डीपीएस के टॉपर स्टूडेंट्स के साथ शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

## डीपीएस के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

बहादुरगढ़। दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई की 10वीं व 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर उत्कृष्टता की परंपरा को कायम रखा है। स्कूल निदेशिका प्रिया डागर और प्राचार्या नीरजा ने इसे छात्रों की मेहनत, शिक्षकों की लगन और विद्यालय की सकारात्मक शैक्षणिक नीति का परिणाम बताया। दसवीं में सौम्या सोनी ने 94 प्रतिशत अंक, सौम्या सिंह ने 94, स्वास्तिक दुबे ने 93 व ग्रेशिया गोयल ने 92 और मानविक गुलिया ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। कई छात्रों ने विभिन्न विषयों में 90 से अधिक अंक प्राप्त किए हैं और कुछ ने 100 में 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। जबकि 12वीं के विज्ञान संकाय में यश ने 95.5, भूमिका ने 93.7, अंश झा ने 90, वाणिज्य संकाय में पारुल ने 96.3, प्रतम ने 87, दीपिका ने 86, कला संकाय में निशिता ने 96.5, निहारिका ने 95.5 और भूमि ने 92 फीसद अंक प्राप्त किए हैं।

## दसवीं व बारहवीं में आरपीएस के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट

झज्जर। सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं व बारहवीं के परीक्षा परिणामों में आरपीएस कोसली के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। प्राचार्या अंजू यादव ने बताया कि बारहवीं कक्षा के नॉन मेडिकल संकाय की छात्रा अंशु ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए व कॉमर्स संकाय के छात्र कुनाल ने 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा पास की। आर्ट संकाय की छात्रा रितिका ने 96 प्रतिशत अंक तथा मेडिकल की छात्रा दीपिका ने 93 प्रतिशत अंक लेकर अपने-अपने संकाय में प्रथम स्थान हासिल किया। दसवीं कक्षा में स्कूल की छात्रा शगुन कौशिक ने 98.6 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में पहला स्थान हासिल किया जबकि छात्रा रूपल यादव 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे तथा भावना 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। इसके अलावा कीर्ति ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके चौथा स्थान प्राप्त किया। संस्थान के चेयरमैन श्रीभगवान यादव और डायरेक्टर हंसराज यादव ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान होनहार विद्यार्थियों को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया।



झज्जर। शिक्षकों के साथ विजय चिन्ह बनाते हुए उत्तीर्ण विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित

झज्जर। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में बीकेडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास के 65 प्रतिशत विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में नाम दर्ज कराया। विद्यालय निदेशक जितेंद्र रोहिल्ला ने बताया कि कला संकाय में योगेश ने 500 में से 478 लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वाणिज्य संकाय में वाणी 468 अंक प्राप्त करके तथा विज्ञान संकाय में आशु 465 अंकों के साथ अपने-अपने संकाय में प्रथम रही। इनके अलावा योगेश ने 458, साक्षी ने 450, रिया ने 449, रजत ने 445, यशवीर ने 445, स्नेहा ने 442, दीपिका ने 440, सतविंद्र ने 439, अंकित ने 431, ध्रुव व सुनील ने 430, आकाश ने 429, करिश्मा, तनुज व विवके ने 428, दीपांशु, हिमांशु व कोमल ने 418, गौरव ने 416, गायत्री ने 411, दक्ष ने 405, साक्षी ने 399, मनीष व हरीश ने 398 अंक के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। उत्कृष्ट अंकों के साथ परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा पुरस्कृत किया गया।



झज्जर। होनहार विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि




बहादुरगढ़। प्रिंसिपल मोनिका राठी के साथ फाउंडेशन स्कूल के टॉपर स्टूडेंट्स।

## फाउंडेशन स्कूल का परिणाम रहा उत्कृष्ट

बहादुरगढ़। फाउंडेशन पब्लिक स्कूल में कक्षा 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में विज्ञान संकाय से उद्देश्य खन्ना ने 92 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, कला संकाय की रुहानी ने 90 फीसद अंक लेकर द्वितीय स्थान और विज्ञान संकाय की योगिता शर्मा ने 90 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। हिमांशु और मुस्कान जून ने भी अच्छे अंक प्राप्त किए। कक्षा 10वीं में प्रशांत ने 94.6, खुशाल राठी ने 93.8 और पायल ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। लक्ष्य और शुभम ने भी अच्छे अंक प्राप्त किए। स्कूल प्रबंधन ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए एक लाख रुपए की धनराशि देने की घोषणा की। स्कूल डायरेक्टर हर्षदीप राठी और प्रधानाचार्या मोनिका राठी ने विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**सूचना**

मैं, अनिल यादव पुत्र हरि सिंह, निवासी गांव चमनपुरा, तहसील जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा अनिल यादव है जबकि मेरे पुत्र हिमांशु की दसवीं व बारहवीं की मार्कशीट में मेरा अनिल किया गया है जो गलत है। मैं अपने पुत्र के शैक्षणिक दस्तावेजों में अपना सही नाम अनिल यादव दर्ज कराना चाहता हूं।

## खबर संक्षेप

### सोलह घंटे बाद बिजली आपूर्ति हुई बहाल

**झज्जर।** मंगलवार देर सांय आई तेज आंधी के कारण माछरौली क्षेत्र में गिरे दर्जनों बिजली के खंभों के कारण बाधित हुई बिजली आपूर्ति निगम के कर्मचारियों की कड़ी मेहनत के कारण करीब सोलह घंटे बाद सुचारू हो पाई। जिसके कारण ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। बता दें कि तेज आंधी के कारण काफी संख्या में पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए थे।

### दोस्त के मकान में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** लोवा खुर्द स्थित एक मकान में हुई चोरी की वारदात पुलिस ने सुलझा ली है। शिकायतकर्ता के परिचित यानी दोस्त ने ही वारदात को अंजाम दिया था। लोवा खुर्द के निवासी विकास ने पुलिस को शिकायत दी थी कि वह रेलवे में कार्यरत है। गत छह मई की शाम को मकान बंद कर ड्यूटी पर चला गया। जब आठ मई को आया तो अंदर कमरे में सामान अस्त व्यस्त था। जांच करने पर सोने, चांदी के आभूषण, 15 हजार की नकदी व मोबाइल गायब मिला। इस शिकायत पर सदर थाने में केस दर्ज हुआ। एएसआई जलबीर की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कमलजीत के रूप में हुई है। आरोपी से चोरी किया गया कुछ सामान भी बरामद हुआ है। बुधवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### नागरिक अधिकार मंच के संरक्षक का निधन

**बहादुरगढ़।** नागरिक अधिकार मंच के संरक्षक योगेंद्र दलाल का मंगलवार रात निधन हो गया। बुधवार को नया गांव में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी आयु 77 वर्ष थी। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। उनके निधन पर लोवा सतरह के प्रधान अशोक मान, राजवीर परनाला, डॉ नरेंद्र देशवाल, कर्मवीर राठी, राजेश तंवर, पप्पू दलाल, तेजा पहलवान, मनोज नंबरदार आदि ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### फायरिंग करने का तीसरा आरोपी भी काबू

**बहादुरगढ़।** पटेल नगर स्थित चिकन कॉर्नर के बाहर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। सेक्टर-6 थाना प्रभारी पवनवीर के अनुसार, शहर के निवासी विक्की ने शिकायत दी थी कि पटेल नगर में उसका चिकन कॉर्नर/रेस्टोरेंटहै। गत 10 मई की रात को रेस्टोरेंट पर एक फॉर्च्यूनर गाड़ी आई। जिसमें से सन्नी व दीपक उतरे। वे शराब के नशे में थे। उन्होंने मुझसे खाना मांगा। मैंने कहा कि रेस्टोरेंट बंद हो चुका है। इस पर उन्होंने गाली गलोच करते हुए दहशत फैलाने के मकसद से हवाई फायर किए। मामले में सन्नी व दीपक गिरफ्तार किए जा चुके थे। अब तीसरे आरोपी योगेश को काबू किया गया है।

# छुछकवास में अवैध रूप से बेची जा रही थी एमटीपी किट, पीएनडीटी की टीम ने पकड़ा

■ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 1600 रुपये में किट बेचते केमिस्ट को पकड़कर पुलिस को सौंपा



झज्जर। मेडिकल स्टोर संचालक से पूछताछ करते हुए विभागीय टीम।



झज्जर। पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुए पीएनडीटी टीम सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव छुछकवास में अवैध रूप से बेची जा रही एमटीपी किट की सूचना के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीम गठित कर आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा संबंधित मेडिकल स्टोर संचालक व एमटीपी किट सप्लायर के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।

सीएमओ डॉक्टर जयमाला ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि छुछकवास गांव में जहाजगढ़ रोड स्थित निर्मला मेडिकल हॉल का संचालक अवैध रूप से गर्भपात करने वाली दवाई बेच रहा है। उन्होंने बताया कि सूचना की पुष्टि के लिए बीती 13 मई को एक टीम गठित की गई जिसमें डॉक्टर उरेंद्र सिंह, डॉक्टर संदीप कुमार और ड्रग कंट्रोल अधिकारी प्रतिभा को शामिल किया गया। इसके बाद एक मिथ्या ग्राहक बनाकर उसे दो हजार रुपये देकर एमटीपी किट लेने के लिए भेजा गया। यहां मेडिकल हॉल के संचालक प्रदीप ने बगैर किसी डॉक्टर की पर्ची के ही 1600 रुपये लेकर उसे गर्भपात की दवा दे दी।

### इशारा मिलते ही टीम ने दबोचा

दवाई मिलते ही मिथ्या ग्राहक ने पास खड़ी टीम को इशारा किया। फिर टीम ने मेडिकल हाल संचालक प्रदीप से दो हजार रुपये रिकवर किए और पूछताछ की। पूछताछ में सामने आया कि प्रदीप के पास इस दवाई का कोई बिल नहीं है एवं नीरज नामक कोई व्यक्ति इस दवाई को अवैध रूप से सप्लाई करता है। टीम ने इस पर कार्रवाई करते हुए मौके पर ही निर्मला मेडिकल हॉल को सील कर दिया। इस संबंध में प्रदीप को पुलिस को सौंपते हुए उसके विरुद्ध एमटीपी एवं ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### ऐसी घिनौनी हरकत करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

सीएमओ डॉक्टर जयमाला ने आमजन को दिए अपने संदेश में कहा कि ऐसी घिनौनी हरकत करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे जागरुकता का परिचय देते हुए स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें।

# एनसीआर माइनर में डूबने से युवक की मौत

## घंटों की मशक्कत के बाद शव निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

रोहद से गुजर रही एनसीआर माइनर में डूबने से एक प्रवासी युवक की मौत हो गई। कई घंटे की मशक्कत के बाद युवक के शव को माइनर से निकाला गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की गई है। मृतक की पहचान करीब 18 वर्षीय रामू के रूप में हुई है। मूलतः उत्तर प्रदेश के इटावा से था और पिछले कुछ समय से रोहद में रह रहा था। यहीं पर किसी कंपनी में काम करता था। जानकारी के अनुसार, बुधवार की सुबह वह अपने कुछ साथियों संग एनसीआर माइनर पर नहाने गया था। इस दौरान उसका पांव फिसल गया और वह डूब गया। साथियों ने उसको बचाने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। फिर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सर्च अभियान चलाया। गोताखोर की टीम भी बुलाई गई। कई घंटे के बाद दोपहर में कुछ दूरी पर रामू का शव बरामद हुआ। इसके बाद शव को नागरिक अस्पताल में लाया गया। परिजनों के बयान के बाद आसौदा थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। बता दें कि एनसीआर माइनर की गहराई अधिक है और पानी का बहाव भी तेज रहता है। हर साल इस माइनर में डूबने से कई लोगों की मौत हो जाती है। पुलिस द्वारा इस माइनर में नहाने पर रोक लगाई गई है। इसके बावजूद लोग नहीं मानते और गर्मी से राहत पाने के लिए इसमें डुबकी लगाते हैं। जिस कारण हादसे हो जाते हैं। इस सीजन में भी इससे पहले कई शव माइनर से बरामद हो चुके हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि इस माइनर में न नहाएं।

### बादली के जोहड़ में प्रवासी डूबा

**बहादुरगढ़।** बादली स्थित एक जोहड़ में प्रवासी व्यक्ति का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में रखवा कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। मृतक की पहचान करीब 42 वर्षीय बच्चन के रूप में हुई है। यूपी के बुलंदशहर का रहने वाला था। यहां बादली में लोडिंग का काम करता था। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को वह जोहड़ के पास गया था। संभवतः पांव फिसलने से वह डूब गया। तब किसी का ध्यान उस तरफ नहीं गया। जब शव फूलकर पानी की स्तह पर आया तो किसी की नजर पड़ी। सूचना पाकर बादली थाने से पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद शव को पानी से बाहर निकाला गया। आसपास लोगों से पूछताछ की तो पहचान हुई। बादली पुलिस के अनुसार, घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की गई है।

# साहिल हत्याकांड के आरोपियों से पुलिस ने चाकू व गाड़ी की बरामद

■ रिमांड खत्म होने पर आरोपियों को जेल भेजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

साहिल हत्याकांड में गिरफ्तार हिए गए दोनों आरोपियों का रिमांड खत्म हो गया। बुधवार को दोनों आरोपी अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी और चाकू बरामद कर लिय है। दरअसल, गत छह मई की रात को सब्जी मंडी में साहिल की हत्या हुई थी। छह मई को उसका जन्मदिन था।

उसे मंडी में बुलाया गया था। इस दौरान साहिल व उसके चचेरे भाई मनोज पर चाकू से हमला किया गया। जिसमें साहिल की जान चली गई। हत्या की इस वारदात को अंजाम देने का आरोप साहिल के ही चचेरे भाई सागर व उसके दोस्त विक्रम पर था। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया। आरोपियों से वारदात के सिलसिले में पूछताछ की जा रही थी। इस दौरान उनकी निशानदेही पर वारदात में प्रयोग किया गया चाकू व गाड़ी भी बरामद कर ली गई।

# पुलिस आयुक्त ने थानों का किया औचक निरीक्षण, तीन कर्मचारी मिले गैरहाजिर

■ डॉ. राजश्री सिंह ने कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा, होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

- सबसे पहले छुछकवास चौकी का हाजिरी रजिस्टर चेक किया
- लापरवाही को सहन नहीं किया जाएगा : आयुक्त



मंगलवार देर रात को करीब 11 बजे से 2 बजे तक जिला पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह ने छुछकवास चौकी और थाना शहर का औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले छुछकवास चौकी पहुंचते हुए हाजिरी रजिस्टर चैक किया। जिसमें तीन कर्मचारी चौकी में हाजिर नहीं पाए गए। जिस पर पुलिस आयुक्त ने संज्ञान लेते हुए तीनों कर्मचारियों को जिला पुलिस आयुक्त कार्यालय में पेश होकर अपना स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने थाना शहर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ कमियां मिली। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि देश के बॉर्डर की सुरक्षा का काम भारतीय सेना के जवान करते है। वहीं, देश की आंतिरक सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस को सौंपी गई है।

### हमेशा अलर्ट रहे पुलिस कर्मचारी : डॉ.राजश्री

इसलिए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करें। उन्होंने कहा कि पुलिस अलर्ट होगी तो आपराधिक किस्म के तत्व कोई भी दुस्साहस नहीं कर पाएंगे। पुलिस कर्मी हमेशा अलर्ट रहे।

### ट्रैक्टर हादसे में जान गंवाने वाले श्रमिक का शव परिजनों को सौंपा

- रामचंद्र गिरावड़ स्थित एक ईंट भट्ठा पर काम करता था
- 12 मई को ट्रैक्टर से गिरने के कारण चली गई थी जान

**झज्जर।** कस्बा बेरी में बीती बारह मई की रात ट्रैक्टर से गिरने से हुई प्रवासी मजदूर की मौत मामले में बुधवार को मृतक की शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम कराया गया। मामले के जांच अधिकारी अशोक ने बताया कि मृतक की पहचान पंजाब के जिला मानसा के उभा गांव निवासी रामचंद्र पुत्र काका के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि रामचंद्र गिरावड़ स्थित एक ईंट भट्ठा पर कार्य करता था। जब वे ट्रैक्टर लेकर रात करीब दस बजे अपने साथी के साथ गांव जा रहा था तो बेरी के बस स्टैंड के नजदीक उनका ट्रैक्टर ब्रेकर आने के कारण अंसतुलित हो गया। जिस कारण रामचंद्र उछलकर ट्रैक्टर के नीचे आ गिरा। इस घटना में रामचंद्र की मौत हो गई। परिजनों के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### पुलिसकर्मी के मकान से नकदी और आभूषण चोरी

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव चिमनी के एक मकान में चोरों द्वारा नकदी, आभूषण व कपड़े चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस को दी शिकायत में अजयवीर ने बताया कि वह यूपी पुलिस में कार्यरत है। सरकारी नौकरी के कारण अपने परिवार सहित बाहर रहता है। दो माह में अपने गांव आकर मकान को संभालता है। बीती बारह मई को जब वह मकान पर आया तो उसने देखा कि मकान के अंदर के ताले टूटे हुए था तथा सामान भी बिखरा पड़ा था। जब उसने चोरी हुए सामान का जायजा लिया तो पता चला कि उसके घर से बगैर सिले हुए लेडिज सूट व पेंट शर्ट, चांदी की आभूषण व करीब बारह सौ रुपये की नकदी चोरी हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।




### बिरड़ के अंश ने हैमर थ्रो में जीता गोल्ड



**झज्जर।** बिहार के पटना में आयोजित खेलो इंडिया नेशनल यूथ गेम में बिरड़ गांव के अंश यादव ने हैमर थ्रो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर जिले व प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। अंश के चाचा दीपक यादव ने बताया की अंश पहले भी कई बार मेडल लेकर आ चुका है। उन्होंने बताया कि यहां पर तैयारी करने के लिए कोई विशेष सुविधा नहीं है। सरकार को चाहिए कि वे ग्रामीण प्रतिभा को आगे लाने के लिए खेल स्टेडियम तैयार कराए। इस दौरान ग्राम सरपंच डॉक्टर रामकिशोर ने भी इस उपलब्धि पर अंश को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# कोबी ने की टर्की व चीन के बहिष्कार की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- ऑपरेशन सिंदूर के खिलाफ तुर्की ने पाकिस्तान को समर्थन दिया
- भारत के खिलाफ चीन समय-समय पर रच रहा साजिश
- देश के आत्मसम्मान के लिए लोगों को एकजुट होना होगा : प्रवीण

कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष प्रवीण गर्ग ने राष्ट्रीय एकता एवं देशहित को सर्वोपरि रखते हुए टर्की व चीन जैसे देशों का पूर्ण बहिष्कार करने का आह्वान किया। उनके अनुसार यह बहिष्कार केवल आर्थिक रूप से नहीं, बल्कि हमारे देश की सुरक्षा, सैनिकों के हौसले, और भारत की संप्रभुता की रक्षा के प्रति हमारी निष्ठा को भी दर्शाएगा। कोबी प्रधान प्रवीण गर्ग ने कहा कि टर्की जैसे देश ने भारत के साथ विश्वासघात किया है। वर्ष 2023 में भीषण भूकंप के वक्त भारत ने सबसे पहले मानवता के आधार पर पहल करते हुए टर्की को लगभग 130 मिलियन अमरीकन डॉलर की आर्थिक सहायता दी थी। गत वर्ष लगभग 3 लाख भारतीय पर्यटकों ने टर्की की यात्रा की, जिससे टर्की को करीब 3500 करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष लाभ हुआ। लेकिन पिछले दिनों युद्ध जैसे हालात में टर्की ने पाकिस्तान को कूटनीतिक समर्थन और सैन्य सहयोग भी प्रदान किया। इसी प्रकार चीन भी हर मोड़ पर भारत के विरोध में खड़ा दिखाई देता है।

### दोनों देशों के उत्पादों का बहिष्कार करें : गर्ग



भारत चीन के सबसे बड़े बाजारों में से एक है। वहां बने उत्पाद खरीदकर हम चीन की अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं। प्रवीण गर्ग के अनुसार सभी भारतीय नागरिक एकजुट होकर यह संकल्प लें कि हम टर्की और चीन जैसे विश्वासघाती देशों का बहिष्कार करेंगे। न तो उनके उत्पाद खरीदेंगे और न ही पर्यटन के लिए वहां जाएंगे। इससे इन देशों की अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। यह केवल विरोध नहीं, बल्कि हमारे आत्मसम्मान और आत्मनिर्भर भारत की ओर एक सशक्त कदम होगा।

# गेहूं व सरसों की खरीद का आज अंतिम दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि वीरवार जिले में रबी सीजन की सरसों व गेहूं खरीद एजेंसियों द्वारा अनाज मंडियों में फसलों की खरीद का अंतिम दिन है। इसलिए जो भी किसान अपनी फसल की बिक्री एमएसपी पर करना चाहते हैं वो किसान अपने अपने फसल उत्पादन के साथ निर्धारित खरीद केंद्रों पर पहुंचें। उन्होंने बताया कि अभी तक जिले की अनाज मंडियों व परचेज सेंटरों पर जिला के 33 हजार 103 किसानों ने गेहूं बिक्री किया है। मंडियों में गेहूं की एक लाख 98 हजार 313 मीट्रिक टन आवक दर्ज की गई है,जबकि एक लाख 88 हजार 240 एमटी गेहूं की खरीद की गई है। जिसमें से 97 प्रतिशत खरीदी गई गेहूं का उठान हो चुका है।



झज्जर। अनाज मंडी परिसर में उठान कार्य में जुटे श्रमिक।

**15646 किसानों ने बेची सरसों :** इसके अलावा 15 हजार 646 किसानों ने सरसों बिक्री की है। मंडियों में 33 हजार 876 एमटी सरसों खरीद की जा चुकी है, जबकि 35 हजार 94 मीट्रिक टन सरसों की आवक दर्ज की गई है और 33 हजार 444 एमटी सरसों का उठान किया जा चुका है।

## लिंगानुपात में सुधार के लिए जागरूकता अभियान चलेगा : उपायुक्त

**झज्जर।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान व बेटियों की सुरक्षा को लेकर सरकार सतर्क है। हमें बच्चियों को मान सम्मान देने के साथ-साथ उनका जन्म दिन भी पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए। यह बात डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के एसीएस सुधीर राजपाल की वीसी उपरांत संबंधित अधिकारियों की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान एक राष्ट्रीय अभियान है, आमजन के सहयोग से लिंगानुपात शत प्रतिशत करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे इस कार्यक्रम के सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। वर्तमान में जिला प्रदेश भर में 947 औसत लिंगानुपात के साथ पांचवें पायदान पर है। जिला में इसे शत प्रतिशत तक पहुंचाना है। लिगांनुपात में सुधार के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है।




झज्जर। अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त।